पोषण पखवाड़ा का आयोजन

भा वा अ शि प - उष्ण कटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान जबलपुर

भा वा अ शि प - उष्ण कटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान जबलपुर द्वारा पोषण पखवाड़ा का आयोजन आदिवासी बहुल दुधवा ग्राम में किया गया। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच सहित महिला समूह एवं संस्थान के अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की मुख्य समन्वयक डॉ ननिता बेरी प्रभागाध्यक्ष, वन विस्तार ने पोषण संबंधित आहार एवं इससे जुड़ी समस्यायों एवं उनके समाधान पर प्रकाश डाला। साथ ही पोषण के लिए उपयुक्त मशरूम एवं इससे समाहित पोषक तत्व के बारे विस्तृत जानकारी भी दी गई एवं केपा,वन विस्तार के तहत प्रदर्श ग्राम के अंतर्गत महिला हितग्राही समूह द्वारा उत्पादित मशरूम का भी वितरण किया गया एवं मशरूम की खेती के लिए प्रेरित भी किया। कार्यक्रम में उपस्थित सरपंच श्री सेमु सिंह मरकाम द्वारा इससे संबंधित गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने के लिए आश्वस्त किया गया, साथ ही उन्होंने इच्छुक समूह से इस हेतु प्रशिक्षण सहित प्रदर्शन करवाने का अनुरोध भी किया।यह भी विश्वास जताया कि महिलाएं अपने परिवार में श्री अन्न जैसे कोदो कुटकी का उत्पादन कर उचित मूल्य में बाजार में बेचेंगी एवं इसे अपनाकर स्वस्थ जीवन शैली व्यतीत करेंगे।

कार्यक्रम का संचालन डॉ सुरेंद्र नाथ मिश्रा ने एवं इसके सफल आयोजन के लिए श्री अल्फ्रेड फ्रांसिस,श्री मनोज जोशी, श्री शैलेन्द्र चंदेली एवं श्री राघवेंद्र मेहरा का विशेष सहयोग रहा।

@ **आदिवासी बहुल दुधवा ग्राम में पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया गया**

दुधवा ग्राम में कार्यक्रम में डॉ ननिता बेरी प्रभागाध्यक्ष, वन विस्तार एवं श्री सेमु सिंह मरकाम, सरपंच

आदिवासी बहुल दुधवा ग्राम में महिला हितग्राही समूह

महिला हितग्राही समूह द्वारा उत्पादित मशरूम का भी वितरण